भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2107
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत की आंतरिक स्थिति पर विदेशी नेताओं की टिप्पणियां

2107. श्री तारिक अनवरः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत की आंतरिक स्थिति, विशेषकर सामाजिक समरसता के संबंध में, हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों और विदेशी नेताओं की टिप्पणियों पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इन टिप्पणियों या रिपोर्टों के संबंध में संबंधित देशों या संस्थानों के साथ कोई औपचारिक या अनौपचारिक संपर्क स्थापित किया है और यदि हां, तो इन मामलों पर भारत की स्थिति से उन्हें किस प्रकार अवगत करा दिया गया है; और

(ग) वैश्विक मंचों पर "भारत की सच्ची तस्वीर" प्रस्तुत करते समय भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले आधारहीन और अतिरंजित रिपोर्टिंग का मुकाबला करने के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस राजनयिक और सूचनात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क से ग) सरकार ने देश की आंतरिक स्थिति सहित भारत के विभिन्न पहलुओं पर अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। वह ऐसी रिपोर्टों पर कड़ी नज़र रखती है और आवश्यकतानुसार, भारत के बारे में किए गए किसी भी निराधार दावे और कथन का खंडन करती है। हाल ही में, कुछ विदेशी नेताओं ने भारत के कुछ आंतरिक मुद्दों पर टिप्पणी की है। इन बयानों को संबंधित सरकारों के समक्ष दृढ़ता से उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने आवश्यकतानुसार गलत बयानों का खंडन करने के लिए स्पष्टीकरण भी जारी किए हैं।

*****